पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर राजभवन में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन
राज्यपाल संग मुख्यमंत्री एवं मुख्य न्यायाधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय भी होंगे शामिल

लखनऊः 29 अप्रैल, 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक की अध्यक्षता में 1 एवं 2 मई, 2017 को राजभवन में 'महाराष्ट दिवस' समारोह का आयोजन किया गया है। 1 मई को कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि सहित मुख्य न्यायाधीश इलाहाबाद उच्च न्यायालय न्यायमूर्ति श्री दिलीप बाबा साहेब भोसले भी उपस्थित रहेंगे। 2 मई को उप मुख्यमंत्री डाॅ0 दिनेश शर्मा सहित मंत्री डाॅ0 रीता बहुगुणा जोशी, मंत्री श्री बृजेश पाठक, मंत्री श्री आशुतोष टंडन, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती स्वाति सिंह, राज्यमंत्री श्री मोहसिन रज़ा उपस्थित रहेंगे।

महाराष्ट्र दिवस के अवसर पर महाराष्ट्र समाज लखनऊ, मराठी समाज उत्तर प्रदेश व भातखण्डे संगीत संस्थान सम विश्वविद्यालय लखनऊ द्वारा राजभवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में स्व0 जी0डी0 माडगुलकर द्वारा रचित 'गीत रामायण' की प्रस्तुति श्री श्रीधर फडके द्वारा दी जायेगी। महाराष्ट्र दिवस समारोह के अवसर पर पद्मश्री डा0 एम0एम0 गोडबोले और डा0 प्रकाश आमटे का अभिनंदन भी किया जायेगा।

अंजुम/ललित/राजभवन (159/38)